@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report


# FAIR REPORT

*THE DAWN OF A FEARLESS PEN*

Jaipur, Tuesday, 12 May 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 237 Pages 04 | ₹3.00


# FAITH THROUGH DECADES



Prime Minister Narendra Modi during the Somnath Amrut Mahotsav which marks 75 years of the inauguration of the restored temple dedicated to Lord Shiva in Veraval, Gir Somnath district, Gujarat.

## CM Sharma Participates in 'Somnath Swabhiman Parv', Calls on Youth to Uphold Cultural Values



**JAIPUR**: Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma on Monday participated in the 'Somnath Swabhiman Parv' programme organised at the Jharkhand Mahadev Temple, where he joined, through video conferencing, the celebrations of the Somnath Amrit Mahotsav being held at the Somnath Temple in the presence of Prime Minister Narendra Modi.

During the programme, Mr. Sharma listened to the Prime Minister's address and described the Somnath temple as a symbol of India's cultural resilience and civilisational continuity. He said the country's spiritual heritage continues to inspire national unity and social harmony.

Before attending the event, the Chief Minister performed jalabhishek, panchamrit abhishek and traditional prayers at the temple, seeking peace, prosperity and well-being for the people of the State and the nation.

Addressing the gathering, Mr. Sharma called upon the youth to embrace Indian cultural values and actively contribute towards building a strong and self-reliant India. He said the younger generation must remain connected to the country's traditions while leading India's progress in the modern era. The programme witnessed the participation of religious leaders, public representatives and local devotees.

## MP Land Deal Under Scanner as IAS Officers Face Questions Over Bypass Project

FAIR REPORT

**BHOPAL :** A major controversy has erupted in Madhya Pradesh after allegations surfaced that around 50 IAS officers purchased land linked to a proposed bypass project, triggering accusations of conflict of interest and misuse of official position. The dispute centres on land acquired near a proposed 3,200-crore bypass corridor, where several senior bureaucrats are alleged to have bought agricultural plots before the area was later reclassified for residential use. The change in land status reportedly led to a sharp escalation in property prices, with estimates suggesting values increased several-fold after official approvals were granted. What has intensified scrutiny is the allegation that multiple officers registered land purchases on the same day, prompting opposition parties and civil society groups to demand an independent investigation into the sequence of approvals and transactions. Critics have alleged that officials connected to urban planning and administrative clearances may have benefited from insider knowledge related to the infrastructure project. Legal activists have termed the matter a serious breach of public trust, arguing that development decisions must remain insulated from personal financial interests.

# PM Calls for Fuel Conservation Amid West Asia Crisis

FAIR REPORT

**VADODARA,:** Prime Minister Narendra Modi on Monday called for collective efforts to reduce India's dependence on imported oil amid the escalating crisis in West Asia, describing the conflict as one of the most serious global challenges of the decade.

Addressing a gathering after inaugurating the Sardardham-3 Hostel in Gujarat, Mr. Modi said disruptions in global supply chains and rising crude oil prices posed significant economic challenges for India, which imports a large share of its energy requirements from the region.



Drawing parallels with the COVID-19 pandemic, the Prime Minister urged citizens to adopt fuel-saving measures and reduce unnecessary consumption of petrol and diesel. He encouraged greater use of public transport systems, including metro rail networks and electric buses, and appealed to offices in both the public and private sectors to promote virtual meetings and work-from-home arrangements wherever feasible.

Mr. Modi also suggested that educational institutions consider temporary online classes if required to reduce travel-related fuel consumption.

"Every citizen has a responsibility during difficult times," he said, stressing that individual efforts could collectively strengthen the country's resilience.

Later, the Prime Minister was conferred the Sardar Gaurav Ratna Award by Patidar organisations. He also participated in programmes marking the 75th anniversary of the Somnath Temple, where he referred to India's response to international pressure following the Pokhran-II Nuclear Tests as an example of national resolve.

## Delhi-NCR Gets First Barrier-Free Toll Plaza on UER-II

FAIR REPORT

**NEW DELHI**, Union Road Transport and Highways Minister Nitin Gadkari on Monday inaugurated Delhi-NCR's first Multi-Lane Free Flow (MLFF) barrierless tolling system at the Mundka-Bakkarwala toll plaza on Urban Extension Road-II, marking a significant step towards intelligent and congestion-free highway infrastructure.

The newly launched system eliminates conventional toll booths and physical barriers, allowing vehicles to pass through the toll corridor without stopping. The toll amount is automatically deducted through an integrated mechanism combining Automatic Number Plate Recognition (ANPR) cameras and FASTag-based RFID technology.

According to officials, the MLFF system is aimed at reducing travel delays, fuel consumption and vehicular emissions caused by long queues at toll plazas. Vehicles can maintain near highway speeds while crossing the gantry, improving traffic flow on one of the Capital region's key transit corridors. The Urban Extension Road-II project is expected to play a major role in easing congestion in West and North Delhi while improving connectivity to the Indira Gandhi International Airport. Officials said the initiative could serve as a model for the gradual introduction of barrier-free tolling systems across the country as part of India's broader push towards smart and technology-driven transport infrastructure.

# THE RISE OF A RURAL ICON: RAVINDRA SINGH BHATI LEADS 'JAN SAILAB' AT GIRAL LIGNITE MINES

By Hemraj Tikamchand
FAIR REPORT

**BARMER** – The dusty landscape of Barmer is witnessing more than just a labor strike; it is witnessing the crystallization of a new political era in rural Rajasthan. As the agitation at the Giral Lignite Mines entered its seventh day on Monday, May 11, the protest morphed from a localized industrial dispute into a massive 'Jan Sailab' (People's Surge), with Shiv MLA Ravindra Singh Bhati emerging as the defiant face of a burgeoning grassroots movement.



For a week, Bhati has remained entrenched at the protest site, abandoning the comforts of legislative halls to sit in the trenches with laborers and villagers. His presence has catalyzed a diverse demographic shift, drawing thousands of elderly citizens and women to the frontlines—an escalation that signals Bhati's growing influence as a leader capable of uniting the traditional social fabric of the desert state against corporate and administrative apathy.

### "To the Last Breath": A Revolutionary Stance

Addressing the charged crowd, Bhati's rhetoric was nothing short of a clarion call for regional dignity. "This is no longer just a struggle for workers; this is a battle for the honor, rights, and future of our entire region," Bhati declared. "We will fight for the rights of these laborers until our last breath. No company has the mandate to exploit our locals and suppress their voices."

His leadership style—raw, accessible, and uncompromising—resonates deeply with a rural populace that has long felt sidelined by Jaipur's political elite. By framing the dispute as "Local Resources vs. Corporate Exploitation," Bhati is successfully positioning himself as the primary protector of the dharti putra (son of the soil).



### The Power of the People

The seventh day marked a turning point in the movement's optics. The sight of rural women and village elders joining the dharna has lent the movement a moral weight that is difficult for the administration to ignore. The protestors are demanding:

- Immediate reinstatement of over 100 terminated drivers and workers.
- Strict adherence to 8-hour shifts.
- Mandatory priority for local youth in employment.
- Fair wages, bonuses, and essential safety facilities.

### A New Political Paradigm

As the Giral Lignite Mines movement gains momentum, it is clear that Ravindra Singh Bhati is navigating a trajectory that transcends his role as a legislator. He is becoming a symbol of rural resistance. While the company management and district administration remain in a deadlock with the protestors, Bhati's refusal to budge has sent a clear message: the youth of Rajasthan are no longer willing to be silent spectators to their own displacement. In the heart of Barmer, a new brand of leadership is being forged in the heat of the sun and the fire of agitation—one that is unapologetically local and revolutionary.

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'एक्स' पर लिखा, क्या इस भ्रष्टाचार की कभी जांच होगी या ऐसे ही भ्रष्टाचार चलता रहेगा

# भाजपा सरकार के दावों की पोल खोल रहे हैं उसके ही विधायक: गहलोत

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि उसके खुद के ही विधायक सरकारी दावों की पोल खोल रहे हैं। गहलोत ने आंगनबाड़ी के पोषाहार की खराब गुणवत्ता को लेकर भाजपा के एक विधायक की कतिपय टिप्पणी के हवाले से यह बात कही।



उन्होंने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार में क्या चल रहा है? खुद सत्ताधारी दल के विधायक ही आज सरकार के दावों की पोल खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि उदयपुर की समीक्षा बैठक में गोगुंदा से भाजपा विधायक प्रताप गमेती का यह कथन बेहद विचलित करने वाला है कि 'आंगनबाड़ी के पोषाहार को जानवर भी नहीं खाते।' विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ ऐसा खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि एक तरफ योजनाओं के क्रियान्वयन में भारी देरी और दूसरी तरफ मासूमों के निवाले में भ्रष्टाचार? उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के सामने अपनों ने ही आईना दिखा दिया है। भाजपा सरकार विज्ञापनों और बैठकों से आगे बढ़कर इन गरीब बच्चों की सुध कब लेगी? उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''क्या इस भ्रष्टाचार की कभी जांच होगी या आदिवासियों के हक पर ऐसे ही भ्रष्टाचार चलता रहेगा।''

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी सरकार को घेरा

राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी इस मुद्दे को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'सच अपने आप सामने आ ही जाता है, जबकि झूठ को सोच-समझकर गढ़ना पड़ता है। भाजपा विधायक प्रताप गमेती ने सही कहा कि आंगनबाड़ी का पोषण आहार घर जाकर फेंका जा रहा है और उसे जानवर तक नहीं खाते, क्योंकि इसमें भाजपा राज के भ्रष्टाचार की बू आ रही है। जब भाजपा के विधायक स्वयं संभाग स्तरीय बैठक में उपमुख्यमंत्री के सामने यह कहने को मजबूर हो जाएं कि आंगनबाड़ी का पोषण आहार फेंका जा रहा है और उसे जानवर भी नहीं खाते, तो यह साफ है कि प्रदेश में सरकार नहीं, बल्कि अव्यवस्था का तमाशा चल रहा है। राज्य में 'फेल डबल इंजन' सरकार में इससे ज्यादा शर्मनाक और विफलता का उदाहरण क्या हो सकता है? सरकार "पोषण" और "विकास" के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि पोषण आहार की गुणवत्ता की उनके जनप्रतिनिधि पोल खोल रहे हैं।"

उपमुख्यमंत्री ने रायपुर में दी विकास कार्यों की सौगात, लगभग 59 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

# डबल इंजन सरकार के सहयोग से हो रहा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समग्र विकास : दिया कुमारी

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विगत ढाई वर्षों में राज्य में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहले क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का अभाव था, सड़कों की स्थिति जर्जर थी तथा स्वास्थ्य सेवाएं भी पर्याप्त नहीं थीं, किन्तु वर्तमान सरकार के कार्यकाल में व्यापक स्तर पर विकास कार्य कराए गए हैं।

उप मुख्यमंत्री ने बुधवार को भीलवाड़ा जिले के दौरे के दौरान सहाड़ा विधानसभा के रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 59 करोड़ रूपये के विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश ही नहीं, बल्कि संपूर्ण राजस्थान में विकास की गति तेज हुई है और आमजन को इसका सीधा लाभ मिल रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने आगामी पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों के संदर्भ में आमजन से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपील की।



## सरकार महिलाओं को सम्मान एवं अवसर देने को प्रतिबद्ध

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों की निरंतरता के लिए जनप्रतिनिधियों का चयन महत्वपूर्ण है तथा गांव से लेकर शहर तक विकास की श्रृंखला को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि सरकार महिलाओं को सम्मान एवं अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा उनके लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। प्रदेशवासियों के सहयोग से राजस्थान भी विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उपमुख्यमंत्री ने चिकित्सा विभाग के 111.96 लाख, आयुर्वेद विभाग के 90 लाख, सार्वजनिक निर्माण विभाग के 3699.03 लाख तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 355 लाख तथा शिक्षा विभाग के 654.3 लाख, सहकारिता विभाग के 25 लाख, बिजली विभाग के 874 लाख तथा पशुपालन विभाग के 19 लाख रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। साथ ही, उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को आवास निर्माण होने पर चाबी सौंपी।

## राजसमन्द में ग्राम रथ का पूजन और प्रचार साहित्य का किया वितरण

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि ग्राम रथ सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का अत्यंत प्रभावी माध्यम बनकर उभरे हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि इस पहल से आमजन को योजनाओं की स्पष्ट और सरल जानकारी मिल रही है, जिससे पात्र लाभार्थियों तक समय पर लाभ पहुंचना सुनिश्चित हो रहा है और जागरूकता का स्तर निरंतर बढ़ रहा है। राजसमंद प्रवास के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत राज्यावास में आयोजित ग्राम रथ कार्यक्रम में भाग लेते हुए ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ने ग्राम रथ के माध्यम से प्रदर्शित की जा रही योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता यह है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी वंचित न रहे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे योजनाओं की जानकारी लेकर उनका अधिकतम लाभ उठाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभाग द्वारा तैयार प्रचार सामग्री, पुस्तिकाएं एवं ब्रोशर का वितरण किया तथा ग्रामीणों से फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रशासन और आमजन के बीच मजबूत संवाद का माध्यम बन रहा है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जनसहभागिता दोनों को बढ़ावा मिल रहा है। कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा, प्रोटोकॉल अधिकारी बृजेश गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# मंत्री गहलोत ने बुधवाली में सांध्य चौपाल में आमजन के सुने अभाव-अभियोग

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा चूरू जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने मंगलवार को जिले के रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बुधवाली में सांध्य चौपाल में आमजन के अभाव- अभियोग सुने तथा ग्राम रथ अभियान कार्यक्रम में शिरकत कर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने योजनाओं की जानकारी देते हुए आमजन से ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)- 2026 में अधिकतम भागीदारी निभाने की अपील की।

इस अवसर मंत्री गहलोत ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाएं समाज के कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। छात्रवृत्ति, पेंशन, स्वरोजगार एवं विभिन्न सहायता योजनाओं के माध्यम से सरकार हर वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने राजस्थान को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने का संकल्प लिया है। आज राजस्थान के 24 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्धता करवाई जा रही है। हमारी सरकार ने शेखावाटी क्षेत्र में यमुना जल समझौते के माध्यम से मीठा पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए संकल्पित प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान अंतर्गत परम्परागत जल स्रोतों को सुदृढ़ करने का काम किया जा रहा है। इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में वीबी-जीरामजी योजना के माध्यम से



ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार अवसरों को सुदृढ़ करने व जनोपयोगी कार्य करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सौर ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। इसी के साथ करीब 350 परीक्षाएं बिना पेपरलीक संपन्न हुई हैं और युवाओं का भविष्य सुरक्षित हुआ है।

इस दौरान उन्होंने आमजन के परिवाद सुनें और अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसलिए विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।

उन्होंने युवाओं, किसानों एवं महिलाओं को विशेष रूप से प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लें। इसी के साथ ग्राम रथ में रखी सुझाव पेटिका में राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने के लिए अपने सुझाव भी दें।

मंत्री गहलोत ने आगामी 'ग्राम -2026' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आयोजन कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे इस आयोजन में भाग लेकर आधुनिक तकनीकों, नवाचारों और उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी प्राप्त करें, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके।इस दौरान उन्होंने मस्क्युलर डिस्ट्रॉफी से ग्रस्त 02 बच्चों (गिरीश व जय कुमार) को इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर उपलब्ध करवाने की बात कही तथा और पुस्तकें प्रदान कर व भामाशाह सहयोग से लैपटॉप भेंट कर अध्ययन हेतु प्रोत्साहित किया।

इस मौके राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है और सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास और जापान में भारत की राजदूत नगमा मोहम्मद मलिक की मीटिंग, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# ग्रीन एनर्जी और पर्यटन विकास से राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने बुधवार को सचिवालय में जापान में भारत की राजदूत नगमा मोहम्मद मलिक के साथ आयोजित बैठक में कहा कि राजस्थान में नए उद्योगों की स्थापना के लिए प्रक्रियाएं सरल, पारदर्शी और सुव्यवस्थित हैं। यही कारण है कि यह निवेश के लिए अनुकूल राज्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के सुशासन के संकल्प तथा लगातार प्रयासों से ग्रीन एनर्जी, पर्यटन जैसे क्षेत्रों में विकास हुआ है, जिससे निवेश के लिए बेहतर अवसर बने हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि नीमराना मॉडल ऑफ एक्सीलेंस तथा जाईका के सहयोग से राजस्थान और



जापान के बीच संबंध और सुदृढ़ हुए हैं। बैठक में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को और बेहतर बनाने, कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने तथा छात्रों के लिए जापान में अध्ययन के अवसर बढ़ाने पर चर्चा की गई।

मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान और जापान के बीच संबंध सदैव सकारात्मक रहे हैं। दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और विस्तार देने के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने राजस्थान में बायो-फॉरेस्ट परियोजनाओं, जयपुर मेट्रो फेज-2 और आरयूआईडीपी में जापान की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने डीरिगुलेशन तथा अनुपालन में कमी के माध्यम से निवेश प्रक्रियाओं को और सरल बनाने पर भी चर्चा की। राजदूत मलिक ने कहा कि जापान में आईटी सहित उच्च कौशल वाले क्षेत्रों में भारतीय युवाओं की मांग बढ़ रही है। उन्होंने शिक्षा एवं कौशल विकास के माध्यम से इस दिशा में अवसरों को और विस्तार देने पर जोर दिया।

बैठक में महानिदेशक, हरीशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान एवं पदेन अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रशिक्षण श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग दिनेश कुमार, शासन सचिव कार्मिक विभाग अर्चना सिंह तथा आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग राकेश शर्मा उपस्थित रहे।

## महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में यूनिसेफ के सहयोग पर हुई चर्चा

**जयपुर।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और यूनिसेफ की प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्रे के बीच आयोजित बैठक में विकसित राजस्थान के संकल्प को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रभावी कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और 'मा योजना' के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया गया है। शिक्षा क्षेत्र में यूनिसेफ के सहयोग से गुणवत्ता सुधार और बहुभाषीय शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है, जबकि 'युवा सेतु' कार्यक्रम युवाओं के कौशल विकास और नेतृत्व क्षमता को निखार रहा है। चिकित्सा विभाग ने जानकारी



दी कि यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग और आशा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। सिंथिया मैककैफ्रे ने कहा कि यूनिसेफ की आगामी वर्ष 2026-29 की कार्ययोजना के अंतर्गत यूनिसेफ नीति निर्माण, तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन के क्षेत्र में अपनी भूमिका को और अधिक सशक्त करेगा।

# ब्रीफ खबरें

## हथकरघा बुनकर जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन 15 तक

**जयपुर।** राज्य के हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से हर वर्ष की भांति राज्य सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में भी बुनकरों को नकद पुरस्कार देने का प्रावधान किया है। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जयपुर (ग्रामीण) के महाप्रबंधक सुभाष चन्द्र शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए जिले की सीमा में कार्यरत हथकरघा बुनकरों से आवेदन आमंत्रित है। इसके लिए वहीं बुनकर पात्र हैं जो हथकरघा पर बुनाई कार्य में पिछले 3 वर्षों से कार्य कर रहे हैं तथा जिन्हें गत 3 वर्षों में इस पुरस्कार के लिए चयनित नहीं किया गया हो। पात्र हथकरघा बुनकर अपना आवेदन 15 मई तक कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जयपुर (ग्रामीण) में जमा करा सकते हैं। आवेदन जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जयपुर (ग्रामीण) कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

## लोक कला, और जनसवांद से मिल रही है योजनाओं की उपयोगी जानकारी

**जयपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार कृषक, पशुपालकों और ग्रामीण क्षेत्रों से संबधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए ग्राम रथ अभियान द्वारा जिले की दस विधानसभाओं में एलईडी वैन द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में जाकर जानकारी दी जा रही है। जिला कलेक्टर संदेश नायक ने बताया कि 7 मई को शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत छारसा, खोरालाडखानी, कुंभवाय, सुराणा, आमेर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत घटवाड़ा, मानपुरा माचेड़ी, रुंडल, सिरोही, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत लालपुरा, पचार, दुर्जनीयवास , दूदू विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत किशनपुरा, श्रीनिवासपुरा, झाग, सांवली, धमाना, बिहारीपुरा, बगरू विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा बास, नेवटा, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बोबाड़ी, घोला, सामरेड कलां, खवारा नी, खरकड़ा, बस्सी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुंडली, खिजुरिया ब्राह्मण, काशीपुरा, चाकसू विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिवदासपुरा, बरखेड़ा, सालगरामपुरा, डाहर, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र की मुंडली रणजीतपुरा, बासड़ीखुर्द, रलावता, काबरो का बास, चौमूं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत किशनपुरा, नागल गोविंद गांवों में एलईडी वैन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

## रीको और पीडब्ल्यूडी मिलकर करेंगे सड़कों का निर्माण

**जयपुर।** रीको द्वारा राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों की बेहतर कनेक्टिविटी एवं आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। राज्य के कई रीको औद्योगिक क्षेत्र राज्य राजमार्गों से जुड़े हुए हैं, जहां उद्योगों के कच्चे माल और तैयार उत्पादों के सुगम परिवहन हेतु सड़कों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण आवश्यक है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रीको एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा 38 सड़कों का विकास कोस्ट शेयरिंग मॉडल पर किया जायेगा। इसके अंतर्गत कुल व्यय का 50 प्रतिशत भाग रीको द्वारा वहन किया जाएगा। रीको के 36 औद्योगिक क्षेत्रों की एप्रोच सड़कों की पहचान की गई है, जो सार्वजनिक निर्माण विभाग से संबंधित हैं। इन सड़कों की कुल लंबाई लगभग 205 किलोमीटर है, जिनके सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण पर लगभग 290 करोड़ रुपये का व्यय होगा। ये सड़कें आबूरोड, अजमेर, बालोतरा, बांसवाड़ा, भरतपुर, भीलवाड़ा, चूरू, दौसा, जयपुर, जालौर, झालावाड़, कोटा, नीमराना, सवाई माधोपुर, श्रीगंगानगर और उदयपुर के औद्योगिक क्षेत्रों को लाभान्वित करेंगी। इन सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान सरकार के माध्यम से किया जायेगा, जिसमें रीको और पीडब्ल्यूडी की 50-50 प्रतिशत वित्तीय साझेदारी होगी। इससे पूर्व भी रीको ने भिवाड़ी क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्रों को लाभ पहुंचाने हेतु खिजुरीवास टोल प्लाजा से टपूकड़ा तक राज्य राजमार्ग संख्या-25 के चौड़ीकरण एवं नाले के निर्माण कार्य के लिए करीब 74 करोड़ रुपए की परियोजना लागत में से 50 प्रतिशत लगभग 37 करोड़ रुपये वहन करने की स्वीकृति दी है। रीको राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने एवं उद्यमियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है। औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यम संचालन को सुगम बनाने के लिए रीको लगातार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है।

## अजमेर डिस्कॉम के सभी जिलों में दो ब्लॉक सप्लाई जल्द होगी सुलभ

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष-2027 तक प्रदेश में किसानों को दिन के दो ब्लॉक में बिजली उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में अजमेर डिस्कॉम जल्द ही प्रदेश का पहला ऐसा विद्युत वितरण निगम होने जा रहा है जहां सभी जिलों में दिन के दो ब्लॉक में बिजली आपूर्ति सुलभ हो सकेगी। फिलहाल यहां नागौर एवं चित्तौड़गढ़ को छोड़कर शेष सभी जिलों में कृषि उपभोक्ताओं को यह बिजली मिल रही है। ऊर्जा विभाग की शासन सचिव एवं चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा ने बुधवार को विद्युत भवन में दो ब्लॉक सप्लाई को लेकर अजमेर एवं जोधपुर वितरण निगम के प्रबंध निदेशकों, प्रसारण निगम तथा जयपुर विद्युत वितरण निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की। इस दौरान विद्युत तंत्र को मजबूत कर प्रसारण निगम एवं वितरण निगमों से संबंधित दिन में दो ब्लॉक सप्लाई की बाधाओं को दूर करने, ग्रिड सब स्टेशनों के निर्माण, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि आदि विषयों पर समीक्षा की गई। डोगरा ने निर्देश दिए कि अजमेर डिस्कॉम के नागौर सर्किल में प्रसारण निगम द्वारा 220 केवी जीएसएस निर्माण तथा डिस्कॉम द्वारा इससे जुड़ने वाले 33 केवी के 4 सब स्टेशनों में ट्रांसमिशन क्षमता वृद्धि तथा इंटर कनेक्शन के कार्य आगामी जून माह तक पूर्ण कर लिए जाएं। उल्लेखनीय है कि नागौर जिले में प्रसारण निगम द्वारा 220 केवी ग्रिड सब स्टेशन बिरलोका का निर्माण प्रगति पर है। इस जीएसएस के बनने से 33 केवी के चार सब स्टेशनों से दिन में दो ब्लॉक में सप्लाई दी जा सकेगी। इनके अतिरिक्त क्षमता वृद्धि एवं इंटर कनेक्शन के कार्य पूर्ण होने से 33 केवी के डेह, करनू, डेउ तथा कुरची स्थित जीएसएस से जुड़े क्षेत्रों में वितरण निगम तीन के स्थान पर दो ब्लॉक में विद्युत आपूर्ति कर सकेगा। डिस्कॉम एवं प्रसारण निगम के संबंधित मुख्य अभियंताओं को इन कार्यों की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं। निगम के चित्तौड़गढ़ जिले में भी दो ब्लॉक विद्त आपूर्ति के लिए ओएण्डएम तथा ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है। ऊर्जा सचिव ने जयपुर एवं जोधपुर वितरण निगम के उन सभी अधीक्षण अभियंताओं से भी समीक्षा की जहां कुछ सब स्टेशनों में फिलहाल तीन एवं चार ब्लॉक में भी कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जा रही है। डोगरा ने इन अभियंताओं से राज्य सरकार की मंशा अनुरूप दो ब्लॉक सप्लाई के लिए आवश्यक ग्रिड सब स्टेशनों के निर्माण, ट्रांसमिशन क्षमता में वृद्धि आदि के कार्य योजनाबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## ब्रीफ खबरें

### ब्यावर का अग्निवीर जम्मू-कश्मीर में आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद



**ब्यावर।** जिले के लगेतखेड़ा गांव निवासी अग्निवीर युवराज सिंह चौहान (26) बुधवार को जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हो गए। उनकी पार्थिव देह शुक्रवार को गांव आने की संभावना है। शुक्रवार को उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। पिता प्रताप सिंह को बुधवार सुबह आर्मी हेडक्वार्टर से फोन करके युवराज के शहीद होने की सूचना दी गई थी। युवराज की शहादत की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक छा गया। युवराज 17 फरवरी 2022 को भारतीय सेना में बतौर अग्निवीर भर्ती हुए थे। उन्होंने जबलपुर, गोवा और पठानकोट सहित विभिन्न सैन्य क्षेत्रों में सेवाएं दीं। वर्तमान में उनकी तैनाती जम्मू के अखनूर सेक्टर में थी। पिता ने बताया- युवराज 15 फरवरी 2026 को एक महीने की छुट्टी पर गांव आए थे। 19 मार्च 2026 को अखनूर लौटे थे। इस दौरान उन्होंने बताया था कि अब केवल चार महीने की सर्विस (ड्यूटी) बची है। परिजन ने बताया कि युवराज ने 5 मई की रात ड्यूटी पर जाने से पहले फोन किया था। उन्होंने पूरे परिवार के हाल-चाल भी पूछे थे। बुधवार सुबह कॉल किया था, लेकिन फोन बंद था। युवराज के एक छोटा भाई और बहन है। उनके पिता बीजेपी के मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं। युवराज सिंह बचपन से ही देश सेवा का जज्बा रखते थे।

### सूदखोरों के आतंक से तंग आकर नर्सिंग कॉलेज मैनेजर ने दी जान



**भीलवाड़ा।** कर्ज के दलदल और सूदखोरों की प्रताड़ना ने एक और हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया है। भीलवाड़ा निवासी और जोधपुर के एक नर्सिंग कॉलेज में कार्यरत 51 वर्षीय मैनेजर सूर्य प्रकाश दाधीच ने सूदखोरों के आतंक से तंग आकर आरके कॉलोनी स्थित एक पार्क में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर जीवन लीला समाप्त कर ली। आत्महत्या से पहले सूर्य ने एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में अपनी बेबसी जाहिर करते हुए कहा कि कर्ज देने वाले लोग मूल राशि से कई गुना अधिक ब्याज वसूल चुके हैं। उन्होंने नम आंखों से कहा, "उन्होंने मेरा खून चूस लिया है, अब मेरे परिवार को मत सताना। वही मृतक ने करीबी मित्रों से परिवार और बेटे केशव का ख्याल रखने की अपील की है। वीडियो में सूदखोरों द्वारा दी जा रही धमकियों और मानसिक प्रताड़ना का भी उल्लेख किया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतक के परिजनों का बुरा हाल है और उन्होंने प्रशासन से सूदखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर न्याय की मांग की है। पुलिस वीडियो साक्ष्यों की पड़ताल में जुट गई है।

### तप आध्यात्मिक उन्नति ही नहीं, लंबे जीवन का आधार भी : मुनि प्रणीत



**भीलवाड़ा।** आर के कॉलोनी स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में बुधवार प्रातः आयोजित धर्मसभा में जैन दर्शन के "सम्यक तप" पर विस्तृत प्रवचन देते हुए मुनि प्रणीत सागर महाराज ने कहा कि जैन आगमों में बताए गए तप केवल आध्यात्मिक उन्नति ही नहीं, बल्कि स्वस्थ और दीर्घायु जीवन का भी आधार हैं।उन्होंने बताया कि जैन दर्शन में अनशन, अवमौदर्य, व्रत परिसंख्यान, रस परित्याग, विविक्त शय्यासन एवं कायक्लेश को तप के रूप में स्वीकार किया गया है। ये सभी साधन शरीर को संतुलित रखने और आत्म शुद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वर्तमान समय में मनुष्य जिव्हा (स्वाद) और उदर (पेट) के बीच संघर्ष में उलझ गया है, जहां अधिकांश लोग स्वाद को प्राथमिकता दे रहे हैं, जबकि प्राथमिकता उदर और स्वास्थ्य को मिलनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आज विज्ञान और चिकित्सक भी यह मानने लगे हैं कि प्रत्येक व्यक्ति को माह में कम से कम एक बार पूर्ण उपवास तथा चार बार व्रत या एक समय भोजन करना चाहिए। भूख से कम खाना भी एक प्रकार का तप है। साथ ही समय-समय पर घी, नमक या शक्कर जैसे रसों का त्याग कर भोजन करना शरीर को संतुलित रखता है। उन्होंने भारतीय परंपरागत आहार पद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन का रहस्य भारतीय गृहणियों की रसोई और मसालों में छिपा है। जैन चिकित्सा ग्रंथ कल्याणकारकम् (मुनि उग्रादित्य स्वामी) में विभिन्न रोगों के अनुसार मसालों के उपयोग का विस्तृत वर्णन मिलता है, जो आज भी प्रासंगिक है।सम्यक तप के साथ उन्होंने सम्यक ज्ञान और स्वाध्याय की महत्ता पर भी बल दिया। धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने मुनिश्री के उपदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस 12 मई को, 61 वरिष्ठ नर्सेज का होगा सम्मान

**भीलवाड़ा।** अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस जिला मुख्यालय पर 12 मई को धूमधाम से मनाया जाएगा। नर्सेज एसोसिएशन द्वारा आयोजित समारोह में उन वरिष्ठ नर्सेज का भी अभिनंदन किया जाएगा जिन्होंने संपूर्ण जीवन मानव सेवा में समर्पित कर दिया। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर से.नि. नर्सिंग अधीक्षक दिनेश सोनी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। मु. संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज ने बताया कि समारोह विशेष रूप से उनको समर्पित है जिन्होंने दशकों तक सेवा की है। इसी क्रम में 61 वरिष्ठ एवं से.नि. नर्सेज को सम्मानित किया जाएगा। यूनियन के जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट ने बताया कि इस दौरान स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संरक्षक मुकुट राज सिंह शक्तावत ने बताया कि कार्यक्रम में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान को गति देने के लिए पोस्टर का विमोचन भी किया जाएगा। समारोह में सांसद दामोदर अग्रवाल, जिला कलेक्टर एवं विधायक अशोक कोठारी सहित कई गणमान्य लोग शिरकत करेंगे। बैठक में कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश जैन, सत्यनारायण बिल्लू, सी. नर्सिंग ऑफिसर काशीराम नायक, सिराज खान, गिरिराज लढा, हितेश लखारा, लोकेश शर्मा, करन सिसोदिया और अमित व्यास उपस्थित थे।

# जेसीपीएल सीजन-1 का भव्य समापन, प्रताप टाइगर्स बनी चैंपियन

### खेल के साथ समाजसेवा और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

FAIR REPORT



**चित्तौड़गढ़ः** जीतो यूथ विंग चित्तौड़गढ़ द्वारा आयोजित दो दिवसीय "जीतो चित्तौड़गढ़ प्रीमियर लीग (जेसीपीएल) सीजन-1" का रविवार को पवेलियन ग्रीन्स में उत्साह और गरिमामय माहौल के बीच भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में शहर की 12 टीमों ने हिस्सा लिया और दो दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।फाइनल मुकाबले में प्रताप टाइगर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। टीम के ओनर उदित जैन रहे। वहीं आरआर कैपिटल्स उपविजेता रही, जिसके ओनर रजत जैन रहे। विजेता टीम को 25 हजार की पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 15 हजार की पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के सहकारिता एवं उद्यान मंत्री गौतम दक रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि चंद्रभान सिंह आक्या मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। मंत्री दक ने सभी मैन ऑफ द मैच पुरस्कार वितरित किए तथा टीम ओनर्स को स्मृति चिन्ह भेंट किए।अपने संबोधन में गौतम दक ने कहा कि क्रिकेट जैसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक समरसता विकसित करते हैं। उन्होंने जीतो यूथ विंग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का काम करते हैं। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त आयोजन, तांबे के लोटे से पानी वितरण और अतिथियों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने की पहल की भी प्रशंसा की। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने बताया कि आयोजन से प्राप्त फंड का उपयोग निर्धन बच्चों की स्कूल फीस और गौशाला सहयोग में किया जाएगा। उन्होंने इसे अनुकरणीय पहल बताते हुए पूरी टीम को बधाई दी। जीतो यूथ विंग चित्तौड़गढ़ अध्यक्ष रवि विराणी ने आयोजन को युवाओं की टीम भावना और सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। वहीं जीतो चित्तौड़गढ़ चैप्टर अध्यक्ष सोहन पोखरना ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। संस्थान के सचिव अक्षत पोखरना ने बताया कि पूरे आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति सदस्य लगातार व्यवस्थाओं में जुटे रहे। आयोजन समिति सदस्य आयुष बाघमार ने बताया कि प्रतियोगिता में ऑरेंज कैप प्रांजल गड़ोलिया, पर्पल कैप संजय मेहता, पिंक कैप साक्षी ढीलीवाल तथा मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर का पुरस्कार भी प्रांजल गड़ोलिया को दिया गया।कार्यक्रम में नरेंद्र पोखरना, राजेंद्र डोशी, राकेश पटवारी, सुदर्शन रामपुरिया, सुधीर जैन, लोकेश सेठिया, संदीप सेठिया, रोशन लोढ़ा, ज्ञान मेहता, सुनीता शिशोदिया, सुचिता सांखला और फतेह लाल भड़कतिया सहित कई गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सीए प्रतीक कोठारी ने किया।

## 17 मई को उदयपुर में होगा जनजाति प्रतिभाओं का महाकुंभ, 600 से ज्यादा प्रतिभाएं होंगी सम्मानित

### 12वें अंचल स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में शिक्षा, खेल, समाजसेवा और प्रशासनिक क्षेत्र की प्रतिभाओं का होगा सम्मान

FAIR REPORT



**उदयपुर-** जनजाति अंचल की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने और शिक्षा, खेल व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करने के उद्देश्य से 17 मई को उदयपुर में 12वां अंचल स्तरीय जनजाति प्रतिभा सम्मान एवं सर्व समाज शिक्षक गौरव समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह को लेकर रविवार को पंचायत समिति गिर्वा स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में पूर्व तैयारी बैठक आयोजित हुई, जिसमें कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। बैठक संस्थान के केंद्रीय संयोजक एवं सांसद डॉ. मन्नालाल रावत के मुख्य आतिथ्य, संस्थान के संरक्षक डॉ. टीसी डामोर एवं अध्यक्ष पीएल डेण्डोर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संस्थान के केंद्रीय महासचिव डॉ. शंकर एच. बामनिया ने बताया कि समारोह 17 मई 2026, रविवार को सुबह 9:30 बजे सुखाड़िया रंगमंच टाउन हॉल, नगर निगम परिसर उदयपुर में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृहरक्षा विभाग के कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी और राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग के कैबिनेट मंत्री हेमंत मीणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, सिरोही, सलूंबर, चित्तौड़गढ़ और पाली जिले की 600 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगा रहे सर्व समाज के 50 से अधिक शिक्षकों का भी सम्मान होगा। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को आठ श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इनमें विश्वविद्यालय स्तर पर स्वर्ण पदक और पीएचडी प्राप्त प्रतिभाओं को 'आदि कवि वाल्मीकि गौरव पुरस्कार', प्रशासनिक एवं प्रतिष्ठित सेवाओं में चयनित युवाओं को 'मेवाड़ वीर राणा पूंजा भील प्रतिभा पुरस्कार', मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रबंधन संस्थानों में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों को 'वीर बालक एकलव्य प्रतिभा पुरस्कार' तथा बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली छात्राओं को 'शहीद वीर बाला काली बाई प्रतिभा पुरस्कार' दिया जाएगा।इसके अलावा सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को 'शहीद नानकजी भील सामाजिक नेतृत्व पुरस्कार' और खेल क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों को 'पद्मश्री लिम्बाराम खेल रत्न पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही मानगढ़ धाम पुरस्कार और नाना भाई पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में संस्थान की वार्षिक स्मारिका "उड़ान-एक प्रेरणा" का विमोचन किया जाएगा। वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, युवाओं के लिए करियर काउंसलिंग और "गौरव की राह" डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। बैठक में भरत परमार, सीबी मीणा, निरंजन दरंगा, लालूराम गरासिया सहित कोर कमेटी के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा कर आयोजन को अंतिम रूप दिया।

## आमजन को गर्मी में पानी-बिजली समय पर मिले — जिला कलेक्टर डॉ. मंजू का सख्त निर्देश



### साप्ताहिक समीक्षा बैठक में योजनाओं की प्रगति पर की विस्तृत समीक्षा

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** जिला स्तरीय विभागीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला परिषद के डीआरडीए हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने की, जिसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं, प्रगति और आगामी कार्ययोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने आमजन से जुड़े मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गर्मी के मौसम में किसी भी स्थिति में आमजन को पानी और बिजली की कमी का सामना नहीं करना चाहिए।बिजली विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने बरसात से पहले विद्युत लाइनों के रखरखाव और मरम्मत कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और अनावश्यक बिजली कटौती से बचने के निर्देश भी दिए। कुसुम योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की समीक्षा में जिला कलक्टर ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने जल जीवन मिशन और अमृत योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए नियमित मॉनिटरिंग और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए पात्र नए परिवारों को NFSA से जोड़ने, गेहूं खरीद व्यवस्था और गैस आपूर्ति को सुचारू रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में महिला अधिकारिता विभाग की लाड़ो प्रोत्साहन योजना, कृषि, उद्यानिकी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पंचायती राज, भू-जल विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, स्वामित्व योजना और मुख्यमंत्री जन स्वावलम्बन अभियान 2.0 सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के तहत शिक्षा गुणवत्ता सुधारने पर विशेष जोर दिया गया। वहीं सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और बजट घोषणाओं के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद विनय पाठक, अतिरिक्त जिला कलक्टर रामचंद्र खटीक सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जयपुर के शिल्पग्राम से झोपड़ियां हटेंगी

FAIR REPORT



**जयपुर।** जयपुर के जवाहर कला केंद्र (जेकेके) का शिल्पग्राम अब नए रूप में दिखेगा। राजस्थान सरकार इसे फिर से विकसित करने की तैयारी कर रही है। इस प्रोजेक्ट पर लगभग 15 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके तहत 9 एकड़ क्षेत्र में 24 हैंडीक्राफ्ट शॉप्स बनेंगी, साथ ही आर्टिस्ट रेजिडेंसी और हाट बाजार डेवलप किया जाएगा। इस नए प्रोजेक्ट का उद्देश्य शिल्पग्राम को ऐसा सांस्कृतिक केंद्र बनाना है। जहां राजस्थान की लोक कला, हस्तशिल्प, संगीत, खानपान और ग्रामीण जीवनशैली का जीवंत अनुभव एक ही स्थान पर मिल सके। आर्ट एंड क्राफ्ट कल्चरल सेंटर को पारंपरिक राजस्थानी आंगन-आधारित बाजार शैली में डिजाइन किया जाएगा। जवाहर कला केंद्र के पास बना शिल्पग्राम सालों से राजस्थान के गांवों की झलक दिखा रहा है। यहां बनी पुरानी शैली की झोपड़ियां राजस्थान के अलग-अलग इलाकों की याद दिलाती हैं। इनमें इनमें ब्रज (भरतपुर), हाड़ौती (कोटा), शेखावाटी (सीकर), मरुस्थलीय क्षेत्र (बाड़मेर-बीकानेर), डूंगरपुर के आदिवासी इलाकों की खास बनावट देखने को मिलती है। मिट्टी, लकड़ी और खपरैल से बनी ये झोपड़ियां सैलानियों और कला प्रेमियों को बहुत पसंद आती हैं। यहां होने वाले लोकरंग उत्सव, सरस मेला, कठपुतली शो और कालबेलिया डांस सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बना दिया।

## निर्दलीय विधायक विकास करवाने में नाकाम, अधूरे प्रोजेक्ट्स से जनता परेशान

# कांग्रेस सरकार के मंजूर काम ठंडे बस्ते में, डबल इंजन सरकार पर जाड़ावत का बड़ा हमला

FAIR REPORT



**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत विकास कार्यों के लंबे समय से अधूरे पड़े रहने को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार और निर्दलीय विधायक पर तीखा हमला बोला है। पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करवाने की मांग की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर का बुके भेंट कर स्वागत भी किया। प्रवक्ता नवरतन जीनगर ने बताया कि शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के तत्वावधान में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में स्वीकृत कई महत्वपूर्ण विकास कार्य अब तक अधूरे पड़े हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि डबल इंजन सरकार के बावजूद विकास कार्यों की रफ्तार थम गई है और निर्दलीय विधायक विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को पूरा करवाने में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। ज्ञापन में चिकित्सा, शिक्षा और सड़क तंत्र से जुड़े कई लंबित कार्यों का उल्लेख किया गया। इनमें बस्सी उप जिला चिकित्सालय भवन निर्माण, जिला चिकित्सालय बोजुन्दा शुरू करवाना, चंदेरिया सीएससी भवन निर्माण पूर्ण होने के बावजूद संचालन शुरू नहीं होना, सादी स्वास्थ्य केंद्र और नर्सिंग कॉलेज भवन पूर्ण होने के बावजूद चालू नहीं होना प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा गांगाजी का खेड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण, सेटेलाइट हॉस्पिटल में चिकित्सकों की नियुक्ति, सावा उप तहसील शुरू करवाना, सावा आईटीआई भवन का संचालन शुरू करवाना, डीएमएफटी से स्वीकृत सड़कों का निर्माण पूर्ण करवाना और स्कूलों में कक्षा कक्ष निर्माण की मांग भी उठाई गई।कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने गेहूं खरीद में अनियमितताओं को दूर कर समयबद्ध खरीद सुनिश्चित करने तथा पन्नाधाय सर्किल बोजुन्दा की मरम्मत करवाने की भी मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता प्रेम प्रकाश मूंदड़ा, शहर अध्यक्ष अनिल सोनी, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम जाट, पूर्व सभापति रमेशनाथ योगी, विधानसभा चुनाव प्रभारी नगेंद्र सिंह राठौड़, मंडल अध्यक्ष दिनेश सोनी, कालूलाल जाट, महावीर सिंह डेलवास, राजदीप सिंह राणावत, अर्जुन रायका, पर्यावरण प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कमल गुर्जर, एससी विभाग जिला अध्यक्ष राकेश घारू और शहर प्रवक्ता नवरतन जीनगर सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# Inani Murder Case: Accused Ramta Ram sent on 5-day police remand, family raises questions over investigation and 'VIP treatment'

## Family demands joint investigation into land dispute and Bhagta Ram Trust matter, warns of protest if no action is taken within 15 days

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** The developments in the high-profile murder case of courier businessman Ramesh Chandra Inani remained in focus on Monday in Chittorgarh. On one side, the main accused Ramta Ram was presented in court after his arrest, while on the other side, family members and people from the community held a peaceful protest and submitted a memorandum with 5 demands to the administration.

During the protest, the family alleged that accused Ramta Ram was being given "VIP treatment" in police custody, which they said was against the seriousness of the case. Protesters said that an accused carrying a reward should not be treated like a normal person. In the memorandum, the family demanded a high-level investigation not only into the land dispute linked to the murder, but also into the Bhagta Ram Trust dispute. Protesters said several facts in the case are still yet to come out and need detailed investigation. They also warned of a bigger protest if proper action is not taken within 15 days.

Shubham Inani, son of deceased Ramesh Inani, said that his father was shot dead in broad daylight on November 11, 2025. He said the family had suspected Ramta Ram from the very first day and had also filed a report at City Kotwali Police Station. However, at that time police said there was not enough evidence and the accused remained absconding. Later, on May 10, 2026, Chittorgarh Police arrested him. During investigation, police also named Manish Kumar Dubey, Bhajan Ram and Arvind Dubey as accused in the case. The family said that



the police chargesheet includes several witnesses, call details and other evidence, which are being considered important in the case. Protesters said police investigation has so far pointed to the land dispute behind Ramdwara as the reason behind the murder, but the Bhagta Ram Trust dispute is also an equally important aspect.

According to information shared by the family, in 2017 Ramta Ram had started the registration process of a trust named Sant Bhagta Ram Charitable Seva Sansthan, which was opposed by Ramesh Inani. The matter reached the Devasthan Department and after a long hearing, the trust application was rejected in July 2024. The family alleged that through this trust there was an attempt related to the use of properties belonging to the Ramsnehi sect.

Sunil Kalantri said the dispute was several years old, but the murder taking place around one-and-a-half years after the trust application was rejected raises many questions. He demanded a joint investigation into both the land dispute and the trust dispute. He also said Ramta Ram remained absconding for nearly six months and was later found moving in the Bhoikheda area, therefore it should also be investigated who gave him shelter during that period. Questions were also raised regarding the possible role of some political persons and land mafia.

The family also said that Ramta Ram's disciple Digvijay Ram had not filed any complaint with police, despite talks about threat to life being raised. Protesters also questioned how the accused remained out of police reach if he had been moving around in the city for the last four days.

Meanwhile, on Monday accused Ramta Ram was produced before the court under heavy security arrangements. Police sought remand for questioning and further investigation into different aspects of the case. After the hearing, the court sent the accused on 5-day police remand.

Police officials said several important facts and evidence have surfaced in the case and investigation is still continuing. During the remand period, police will question the accused to connect different links related to the entire incident. Another major development came when Ramta Ram had filed an anticipatory bail petition in the Rajasthan High Court. During the hearing, the lawyer of the accused informed the court that Ramta Ram had already surrendered before the concerned police station. After this, the High Court disposed of the anticipatory bail petition as ineffective. As per legal procedure, when an accused voluntarily appears before police, the need for anticipatory bail no longer remains. On this basis, the court did not pass any separate order on the bail plea. After these developments, discussions in the city intensified because on one side police claimed that the accused was arrested, while on the other side the accused's lawyer told the court that he had surrendered. Now people are closely watching the police investigation and further action in the case.

# Going to a wedding function proved costly, cash and jewellery worth Rs 5 lakh stolen

**Incident in Bapunagar Senti Road area; two suspicious youths seen in CCTV, police searching for them**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** In the Sadar police station area of the city, unknown thieves targeted a locked house and escaped after stealing cash and gold-silver jewellery worth lakhs of rupees. The incident happened when the house owner had gone with his family to attend a wedding function. When the family returned late at night, they found the main door lock broken and household items scattered inside the house. According to police, 51-year-old Pradeep Jain, resident of Bapunagar Senti Road No. 4, lodged the report. He said that on Saturday night around 8:15 PM, he had gone with his family to attend a wedding function at Anant Resort. When they returned home around 2 AM, they found the lock of the main mesh door broken. The cooler placed outside the house was also shifted from its place, which made them suspect something was wrong. After entering the house, they found the lock of the front room broken and the cupboard open. Household items were scattered in the room. Cash and jewellery kept in the cupboard were missing. After this, they immediately informed Sadar police station. According to Pradeep Jain, the thieves stole around Rs 5 lakh cash along with gold and silver jewellery. The stolen items include a 2-tola gold mangalsutra, two gold chains, one 1.25-tola chain, one 1.5-tola chain, six pairs of gold earrings, three gold rings, two silver anklets and eight silver coins. He said that he is associated with the marble business and had kept the cash at home for work purposes. Daily-use jewellery was also kept in the house. After getting information about the incident, Sadar police reached the spot and inspected the scene. During checking of nearby CCTV cameras, two suspicious youths were seen riding a bike in the lane around 11:30 PM. Police suspect that the accused first did recce of the house and committed the theft after the family left. Police have registered the case and started investigation. Efforts are being made to identify the suspects.

**Even after 8 months, Rs 80 lakh theft case remains unsolved**

Earlier also, a major theft incident had taken place in the Sadar police station area. On the night of October 10, thieves entered the locked house of advocate Vijay Jain in RSEB Colony on Nimbahera Road. The thieves broke four locks of the gate and rooms and stole around 500 grams of gold, 1 kg silver and Rs 15 lakh cash from the locker.

According to information, the cash had been brought home from relatives just two-three days earlier for medical treatment. After Vijay Jain suffered a brain stroke, the family had gone to Udaipur for treatment, due to which the house was locked. In that case also, there were no CCTV cameras in the area and police suspected recce because theft incidents had happened there earlier too. Even after eight months, police have not been able to solve the case.

## PM Invokes COVID-Era Resolve Amid West Asia Crisis

**NEW DELHI:** Prime Minister Narendra Modi on Monday called for national unity and economic restraint in the face of mounting global uncertainty arising from the conflict in West Asia, drawing parallels with India's collective response during the COVID-19 pandemic.

Addressing the nation, the Prime Minister described the ongoing geopolitical tensions as one of the "greatest challenges of this decade" and said India must prepare to confront rising energy prices, supply-chain disruptions and inflationary pressures with discipline and cooperation.

"If we overcome the COVID pandemic together, we will overcome this crisis as well," Mr. Modi said, urging citizens to adopt what he termed "nationally responsible" consumption habits.

In a significant appeal aimed at protecting foreign exchange reserves and stabilising the rupee, the Prime Minister urged families to postpone non-essential gold purchases, particularly during weddings, for at least a year. He also advocated fuel conservation measures, including greater use of public transport, car-pooling and electric vehicles.

# IPSC Under-14 Football Tournament Begins at Sainik School Chittorgarh



**14 top school teams from across the country take part**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** The All India IPSC (Indian Public Schools' Conference) Football Tournament for Under-14 boys began on Monday at Sainik School Chittorgarh with a grand opening ceremony. Young football players from top schools across the country brought excitement and sports spirit to the campus. The chief guest of the event was Manish Tripathi, who inaugurated the tournament and encouraged the players. Acting Principal Lieutenant Colonel Parul Shrivastava, Administrative Officer Major C. Sreekumar, Senior Master Omkar Singh and tournament coordinator Chandraprakash Goyal welcomed the guests. In his speech, SP Manish Tripathi said that sports help students develop discipline, confidence, leadership and team spirit. He added that national-level tournaments like IPSC give students a platform to showcase their talent. The opening ceremony included a march past led by School Sports Captain Cadet Narendra. Players also took an oath to play with honesty, discipline and true sportsmanship. PRO Babulal Shivran said that 14 famous school teams from across India are participating in the tournament. These include Mayo College Ajmer, DPS RK Puram, Birla Public School Pilani, Modern School and many other reputed schools. In the opening matches, host Sainik School Chittorgarh defeated Hyderabad Public School Begumpet by 5-0. DPS RK Puram defeated Pinegrove School Solan by 5-0, while Modern School New Delhi beat Motilal Nehru School of Sports Rai by 5-0.

# Tragic accident on Nimbahera highway, two cousin brothers and their friend killed

**Unknown vehicle hit the bike while they were returning from work; all three were labourers supporting their families**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** A painful road accident in the Nimbahera Sadar police station area late Sunday night took away the happiness of three families. Three youths riding a bike died after being hit by an unknown vehicle on the Nimbahera-Chittorgarh highway. The deceased included two cousin brothers and their childhood friend. According to information, the accident happened around 3 AM near Lakshmipura village. Govind, Sher Singh and Dharmraj were travelling on a bike when an unknown vehicle hit them. The impact was so strong that all three fell on the road and suffered serious injuries. The bike was completely damaged in the accident. People passing through the highway at night saw the youths lying on the road and informed the police. After getting the information, Sadar police reached the spot and shifted the injured youths to Nimbahera District Hospital, where doctors declared all three dead. Sadar police station ASI Kailash Singh said that



information about the accident was received around 3 AM from a transport businessman. When police reached the spot with the team, all three youths were lying unconscious close to each other. The bike was completely scattered due to the accident. Police said the deceased were identified as 33-year-old Govind from Agar Malwa in Madhya Pradesh, 30-year-old Sher Singh from Jhalawar and 30-year-old Dharmraj. Govind and Sher Singh were cousin brothers, while Dharmraj was Sher Singh's childhood friend. All three were living in rented rooms in Nimbahera and working as labourers. They were doing putty work in a nearby village. On Sunday night, they were returning after finishing work when the accident happened. Police are now searching for the unknown vehicle. CCTV footage from nearby areas is being checked to identify the vehicle involved in the accident. According to information, Govind had been working on contract for the last 12 years and he had also helped his cousin Sher Singh get work. Govind had been married for 12 years and was the father of two daughters. Sher Singh had been working in Nimbahera for the last five years, but had not returned to his village for around one-and-a-half years. He had come back to Nimbahera only 15 days ago after getting work. Sher Singh got married two years ago and had a one-and-a-half-year-old daughter. His family is involved in farming work. Dharmraj was Sher Singh's childhood friend and used to come with him for labour work from time to time. All three were working hard to support their families and had come to Nimbahera in search of better income.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**